# University in News on 27 May 2025

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### डॉ. नागेंद्र बने फ्लाइंग ऑफिसर



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के व्यावहारिक अर्थशास्त्र विभाग में शिक्षक डॉ. नागेंद्र कुमार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) 5 यूपी एयर विंग में फ्लाइंग ऑफिसर का पद दिया गया है। एनसीसी 'सी' प्रमाणपत्र धारक होने और सभी मानदंडों को पूरा करने पर उन्हें सीधे कमीशन से सम्मानित किया गया है। वह 5 यूपी एयर विंग एनसीसी की नव स्थापित इकाई के संस्थापक एसोसिएट एनसीसी अधिकारी हैं। फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में वह अब एक एसोसिएट एनसीसी अधिकारी (एएनओ) के रूप में काम करेंगे, जो लखनऊ विश्वविद्यालय के तत्वावधान में एनसीसी एयर स्क्वाड्रन के कैडेटों के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। (संवाद)

### प्रो. वीके शर्मा बने केमिस्ट्री के विभागाध्यक्ष



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में रसायन विज्ञान विभाग में शिक्षक और अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) प्रो. वीके शर्मा को विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की मंजूरी के बाद कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। प्रो. शर्मा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्षों तक इस पद पर बने रहेंगे। (संवाद)

### स्नातक के आवेदन फॉर्म में पांच जून तक भरें 12वीं के अंक

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। जिन छात्रों ने स्नातक में दाखिले के लिए आवेदन तो कर दिया है, लेकिन इंटरमीडिएट के अंक नहीं भर पाए हैं, वे पांच जून तक फॉर्म में अपने अंक भर दें।

डीन एडमिशन प्रो. पंकज माथुर ने पत्र जारी करते हुए इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि छात्र लॉगिन आईडी और पासवर्ड का प्रयोग कर आवेदन फॉर्म में इंटरमीडिएट के अंक भर सकते हैं। किसी भी समस्या पर प्रवेश कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। अंक भरने के लिए अंतिम तिथि पांच जून निर्धारित की गई है।

■ चार जून को होगी छूटी प्रयोगात्मक परीक्षा : लविवि के वनस्पति विज्ञान विभाग में बीएससी सम सेमेस्टर (दूसरे, चौथे एवं छठे) के बैक पेपर व परीक्षा न दे पाने वाले छात्रों की प्रयोगात्मक परीक्षा चार जून को होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना ने पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा है कि सभी विद्यार्थी तय समय पर विभाग में रिपोर्ट करें।

## HINDUSTAN PAGE 7

### एलयू में अंक पांच तक भरें बैकपेपर प्रैक्टिकल चार को

■ इंटरमीडिएट के अंक अपने लॉग इन पासवर्ड से भरें

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रम में जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। लेकिन ऑनलाइन आवेदन में इंटरमीडिएट के अंक नहीं भरे हैं। ऐसे सभी अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय प्रबंधन ने पांच जून तक इंटरमीडिएट के अंक अपने लॉग इन पासवर्ड का प्रयोग कर भरने के निर्देश दिए हैं। वहीं बीएससी द्वितीय, चतुर्थ और छठे सेमेस्टर के बॉटनी प्रैक्टिकल लेफ्ट ओवर, बैक पेपर, एक्जमटेड का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। यह प्रैक्टिकल चार जून को बीएससी बॉटनी प्रयोगशाला में होगी।

### डॉ. नागेन्द्र कुमार मौर्य बने फ्लाइंग ऑफिसर

इकोनॉमिक्स विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर, एप्लाइड डॉ. नागेंद्र कुमार मौर्य को राष्ट्रीय कैडेट कोर, 5 यूपी एयर विंग में फ्लाइंग ऑफिसर का पद प्रदान किया गया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय सहित समस्त विश्वविद्यालय समुदाय ने डॉ. नागेन्द्र को बधाई दी।

## i-NEXT PAGE 4

### 78 केंद्रों पर होगी बीएड सेमेस्टर परीक्षाएं

लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएड सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए सोमवार को फाइनल केंद्रों की सूची फाइनल कर जारी कर दी गई है. अब यह परीक्षाएं लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर और रायबरेली मिलाकर 78 केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी. अभी तक इसके लिए 57 केंद्र प्रस्तावित किए गए थे, जिन पर 19 मई तक आपत्तियां एवं सुझाव मांगे गए थे. आए हुए सुझाव को निस्तारित करते हुए फाइनल सूची जारी की गई है. इसमें विभिन्न जिलों में आठ नोड केंद्र भी बनाए गए हैं.



### बीए नान एनईपी का एग्जाम प्रोग्राम बदला

लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीए फर्स्ट सेमेस्टर के परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन कर दिया है. अब यह परीक्षाएं 29 मई से 12 जून तक होंगी. वहीं, इसे दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं दो से छह जून तक आयोजित की जाएंगी. इसके अलावा बीएजेएमसी छठे सेमेस्टर (ओल्ड कोर्स) की परीक्षाएं दो व तीन जून को आयोजित कराई जाएंगी. इसका समय सुबह 8:30 बजे से 10:30 बजे तक निर्धारित किया गया है. विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in पर अपलोड किया गया है. स्टूडेंट्स इसे देख सकते हैं.

## JAGRAN CITY PAGE III

### प्रो. वीके शर्मा बने विभागाध्यक्ष

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर वीके शर्मा को रयायन विज्ञान विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल 29 मई से अगले तीन साल अथवा अधिवर्षता आयु पूरी होने या अन्य आदेश जारी होने तक मान्य होगा। कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।



प्रोफेसर वीके शर्मा,

### डा. नागेंद्र को मिला फ्लाइंग आफिसर का पद

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अप्लाइड इकोनामिक्स के एसोसिएट प्रोफेसर डा. नागेंद्र कुमार मौर्य को एनसीसी पांच यूपी एयर विंग में फ्लाइंग आफिसर का पद दिया गया है। एनसीसी 'सी' प्रमाण पत्र धारक होने और एनसीसी निदेशालय की ओर से निर्धारित सभी मापदंडों को पूरा करने के बाद उन्हें सीधे कमीशन से सम्मानित किया गया है।



डा. नागेंद्र कुमार मौर्य

वह लखनऊ विश्वविद्यालय में पांच यूपी एयर विंग एनसीसी की नई स्थापित इकाई के संस्थापक एसोसिएट एनसीसी अधिकारी हैं। फ्लाइंग आफिसर के रूप में अब वह एसोसिएट एनसीसी अधिकारी (एएनओ) के रूप में काम करेंगे जो लखनऊ विश्वविद्यालय के तत्वावधान में एनसीसी एयर स्क्वाड्रन के कैडेटों के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 7

### लविवि के संकाय सदस्य को मिला एनसीसी एयर विंग में फ्लाइंग ऑफिसर का पद

लखनऊ (एसएबी)। एप्लाइड इकोनॉमिक्स विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. नागेन्द्र कुमार मौर्य को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), 5 यूपी एयर विंग में फ्लाइंग ऑफिसर का पद प्रदान किया गया है। एनसीसी सी प्रमाण पत्र धारक होने और एनसीसी निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा निर्धारित सभी अपेक्षित मानदंडों को पूरा करने के वाद उन्हें सीधे कमीशन से सम्मानित किया गया है। वह लखनऊ विश्वविद्यालय में 5 यूपी एयर विंग एनसीसी की नव स्थापित इकाई के संस्थापक एसोसिएट एनसीसी अधिकारी हैं। फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में वह अव एक एसोसिएट एनसीसी अधिकारी (एएनओ) के रूप में काम करेंगे, जो लखनऊ विश्वविद्यालय के तत्वावधान में एनसीसी एयर स्क्वाड्रन के कैडेटों के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय सहित समस्त विश्वविद्यालय समुदाय ने डा. नागेन्द्र को इस उपलब्धि के लिए वधाई दी तथा राष्ट्र की सेवा में भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

## AMRIT VICHAR PAGE 8

### लविवि प्रवेशार्थियों को 12वीं के नंबर करने होंगे अपलोड

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए जिन छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है उनको अपने 12वीं के अंक भी अपलोड करने होंगे। अधिष्ठाता प्रवेश की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि प्रवेशार्थी अपने 12वीं के सभी विषयों के अंक आगामी 5 जून से पहले वेबसाइट पर अपलोड कर दें। उल्लेखनीय है कि लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रवेश विश्वविद्यालय की खुद की प्रवेश प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। जिसमें प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा। अधिष्ठाता प्रवेश ने कहा है कि जिन छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन करते समय अपने 12वीं के अंक दाखिल नहीं किए हैं। अथवा जिन छात्रों के 12 वीं का परिणाम बाद में घोषित किया गया है, ऐसे सभी छात्र अपने लॉगिन आइडी का प्रयोग करते हुए अपने अंक आवेदन भर दें। बताया जाता है कि जून माह में कभी भी प्रवेश परीक्षा का अयोजन किया जा सकता है। जिसमें एक जैसी मेरिट आने पर छात्रों के 12वीं के अंक भी मेरिट तय करने में भूमिका कर सकते हैं।

### प्रो. वीके शर्मा बने रसायन विभागाध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विभाग के अध्यक्ष प्रो. वीके शर्मा होंगे। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रो. शर्मा को आगामी 3 वर्षों के लिए इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के निर्वहन की स्वीकृति प्रदान किया है। प्रो. शर्मा का करीब दो दशकों का लंबा शैक्षिक अनुभव है और वह राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान पत्रिकाओं में अपने शोध पत्र प्रकाशित कर चुके हैं।

### प्रति कुलपति ने किया परीक्षा कक्षों का निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पाठ्यक्रम जुलाई-अगस्त 2024 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 मई से प्रारंभ हो चुकी है परीक्षाओं का संचालन सुचारू रूप से चल रहा है। यह परीक्षाएं 6 जून तक चलेंगी। जिसमें बीकॉम, बीबीए, एमकॉम, एमए पॉलिटिकल साइंस, एमए इंग्लिश, एमए इकोनॉमिक्स और मास्टर ऑफ़ सोशल वर्क की परीक्षाएं चल रहीं हैं। सोमवार को एमकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा प्रारंभ हुई और परीक्षा के सफल संचालन का निरीक्षण करने हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना द्वारा निरीक्षण किया।

### लविवि के शिक्षक बने एनसीसी एयरविंग में फ्लाइंग ऑफिसर

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के डॉ. नागेंद्र कुमार मौर्य, एसोसिएट प्रोफेसर, एप्लाइड इकोनॉमिक्स विभाग को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), 5 यूपी एयर विंग में फ्लाइंग ऑफिसर का पद प्रदान किया गया है। एनसीसी 'सी' प्रमाण पत्र धारक होने और एनसीसी निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा निर्धारित सभी अपेक्षित मानदंडों को पूरा करने के बाद उन्हें सीधे कमीशन से सम्मानित किया गया है। वह लखनऊ विश्वविद्यालय में 5 यूपी एयर विंग एनसीसी की नव स्थापित इकाई के संस्थापक एसोसिएट एनसीसी अधिकारी हैं। फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में, वह अब एक एसोसिएट एनसीसी अधिकारी (एएनओ) के रूप में काम करेंगे, जो लखनऊ विश्वविद्यालय के तत्वावधान में एनसीसी एयर स्क्वाड्रन के कैडेटों के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय सहित समस्त विश्वविद्यालय समुदाय ने डॉ. नागेन्द्र को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी।

### 4 को होगी बीएससी वनस्पति विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षाएं

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग में बीएससी सेमेस्टर 2, 4 और 6 की प्रायोगिक परीक्षाएं आगामी 4 जून को ली जाएंगी। जिन छात्रों को इस परीक्षा में भाग लेना है वे अपने फीस की रसीद के साथ संपर्क कर सकते हैं।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### लविवि के संकाय सदस्य को एनसीसी एयर विंग में फ्लाइंग ऑफिसर का पद

लखनऊ। डॉ. नागेंद्र कुमार मौर्य, एसोसिएट प्रोफेसर, एप्लाइड इकोनॉमिक्स विभाग को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), 5 यूपी एयर विंग में फ्लाइंग ऑफिसर का पद प्रदान किया गया है। एनसीसी ह्यसीह्न प्रमाण पत्र धारक होने और एनसीसी निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा निर्धारित सभी अपेक्षित मानदंडों को पूरा करने के बाद उन्हें सीधे कमीशन से सम्मानित किया गया है। वह लखनऊ विश्वविद्यालय में 5 यूपी एयर विंग एनसीसी की नव स्थापित इकाई के संस्थापक एसोसिएट एनसीसी अधिकारी हैं। फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में, वह अब एक एसोसिएट एनसीसी अधिकारी (एएनओ) के रूप में काम करेंगे, जो लखनऊ विश्वविद्यालय के तत्वावधान में एनसीसी एयर स्क्वाड्रन के कैडेटों के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय सहित समस्त विश्वविद्यालय समुदाय ने डॉ. नागेन्द्र को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी तथा राष्ट्र की सेवा में भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

### कुलपति मनुका खन्ना ने किया निरीक्षण



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पाठ्यक्रम जुलाई-अगस्त 2024 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 मई 2025 से प्रारंभ हो चुकी है परीक्षाओं का संचालन सुचारु रूप से चल रहा है। यह परीक्षाएं 6 जून 2025 तक चलेंगी, जिसमें बीकॉम बीबीए एमकॉम एमए-पॉलिटिकल साइंस, एमए-इंग्लिश, एमए-इकोनॉमिक्स, तथा मास्टर ऑफ सोशल वर्क की परीक्षाएं चल रहीं हैं। आज दिनांक 26 मई 2025 को एमकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा प्रारंभ हुई तथा परीक्षा के सफल संचालन का निरीक्षण करने हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना द्वारा निरीक्षण किया तथा छात्र-छात्राओं को परीक्षाओं में सफलता हेतु शुभकामनाएं दी। परीक्षा के सफल संचालन निदेशक, उपनिदेशक एवं सहायक निदेशक के निर्देशन में किया जा रहा है।

## TOI PAGE 2

### LU forms NCC Air wing unit

Times News Network

**Lucknow:** For the first time, the Lucknow University will have an Air wing along with the Army and Navy wings of the National Cadet Corps (NCC) on the campus.

The founding associate NCC officer of this newly established unit of the 5 UP Air Wing NCC was appointed on Monday.

Associate professor Nagendra Kumar from the department of applied economics was conferred the rank of flying officer in the NCC Air Wing.

"Nagendra has been honoured with a direct commission, being an NCC 'C' certificate holder and after fulfilling all requisite criteria set by the NCC directorate, UP. He is the founding associate NCC officer of our Air wing," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

He said that as a flying officer, he will now serve as an associate NCC officer (ANO), playing a pivotal role in training and mentoring cadets of the NCC air squadron.

"NCC's Air Wing will offer students numerous benefits, including character development, leadership skills and opportunities for adventure and service," said Nagendra.

## HT PAGE 4

### LU faculty member conferred rank of flying officer in NCC air wing



**Nagendra Kumar Maurya**

**LUCKNOW :** Nagendra Kumar Maurya, associate professor in the department of applied economics at the University of Lucknow, has been conferred the rank of flying officer in the National Cadet Corps (NCC), 5 UP air wings. He received a direct commission as an NCC 'C' certificate holder, meeting all criteria set by the NCC directorate, Uttar Pradesh. As a founding associate NCC officer of the new unit, he will train and mentor cadets, promoting leadership and patriotism.